राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, कुमाऊँ विश्वविद्यालय ,नैनीताल

युवा महोत्सव कार्यक्रम 13 जून,2022

नेहरू युवा केंद्र नैनीताल तथा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा युवा उत्सव के अवसर पर दिनांक 13जून 2023,विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.संजय पंत प्रभारी निदेशक डी एस बी परिसर नैनीताल तथा सांसद नैनीताल प्रतिनिधि श्री गोपाल रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। श्री प्रदीप जोशी जिला युवा कल्याण अधिकारी नैनीताल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता

एकसमान रूप से आयोजित की गई । अपने व्यस्त कार्यकर्म से समय निकालकर नैनीताल की विधायक सरिता आर्या भी प्रतिभागियों तथा आयोजक मंडल के मध्य पहुंचकर प्रेरित किया।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता में डॉ.अशोक कुमार, डॉ.अलंकार, श्री दानू ने निर्णायक का कार्य किया इस प्रतियोगिता में सैनिक स्कूल नैनीताल की टीम ने प्रथम , एनसीसी डी एस बी परिसर नैनीताल की टीम ने दूसरा तथा बेतालघाट की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भौतिकी विभाग के डी एस बी परिसर में किया गया, जिसमे निर्णायक की भूमिका में प्रो.ललित तिवारी ,प्रो.नीलू लोधियाल, डॉ.विजय कुमार रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राफिक एरा भीमताल की छात्रा निहारिका नेगी ने प्राप्त किया गया। भौतिकी विभाग में ही फोटो प्रतियोगिता का आयोजन भी गया इस प्रतियोगिता में निर्णायक का कार्य डॉ.संतोष कुमार, डॉ.दीपक कुमार, तथा डॉ.निधि वर्मा ने किया। वाणिज्य विभाग डी एस बी परिसर नैनीताल में चित्रकला तथा कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई , चित्रकला में प्रो.लता पांडे, डॉ. छवि आर्या तथा डॉ.रुचि मर्तोलिया ने प्रतिभागियों की प्रतिभा की परख की। कविता लेखन प्रतियोगिता में डॉ. लज्जा भट्ट , डॉ. शशि पांडे तथा डॉ.दीपिका पंत ने निर्णायक की भूमिका अदा की । विभिन्न प्रतियोगिताओं से तीन तीन विजेताओं को चयनित किया गया।

प्रतियगिता के दूसरे चरण जो की पुरुस्कार वितरण का था में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल श्रीमती बेला तोलिया, कुमाऊं आयुक्त श्री दीपक रावत, द्वारा संयुक्त रूप से द्वितीय सत्र का दीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया। सायं के इस सत्र में विजेताओं को पुरस्कार वितरण का कार्य किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष नैनीताल श्रीमती बेला तोलिया ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए आयोजक मंडल की प्रसंसा की ।

कुमाऊं कमिश्नर श्री दीपक रावत द्वारा सभी विद्यार्थियों को उद्घोषणा से अभिप्रेरित किया ,उन्होंने अपने जीवन की विभिन्न घटनाओं का उदहारण देते हुए अपने जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा शुभकामना दी। क्रायकर्म का संचालन प्रो.ललित तिवारी निदेशक शोध एवम प्रसार कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा किया गया । कार्यक्रम की रूपरेखा

श्रीमती डोलवी तेवतिया जिला युवा कल्याण अधिकारी द्वारा प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों , प्राध्यापकों प्रतिभागियों , विद्यार्थियों , मीडिया बंधुओं ,कर्मचारियों का डॉ.विजय कुमार समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम में प्रो.संजय पंत,प्रो.ललित तिवारी,प्रो.नीलू लोधियाल , प्रो.लता पांडे,प्रो.गिरीश रंजन तिवारी, डॉ.दीपक कुमार, डॉ.ललित मोहन , डॉ. संतोष कुमार, डॉ. छवि आर्या, डॉ.लज्जा भट्ट, डॉ. शशि पांडे, डॉ.अशोक कुमार, डॉ.अलंकार, डॉ.निधि वर्मा , डॉ.दीपिका पंत डॉ. हेम भट्ट, डॉ.जीवन उपाध्याय , डॉ.रुचि मर्तोलिया,डॉ.लक्ष्मी दसमना ,श्री अभिषेक मेहरा,श्री पंकज भट्ट,छात्रसंघ अध्यक्ष श्री शुभम बिष्ट,श्री मोहित पंत,श्री उत्कर्ष ,श्री रीतेश,श्री विशन इत्यादि पर्यावरण मित्र श्रीमती राधा देवी श्री राजेंद्र कुमार इत्यादि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

जागरूक युवा ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं : आयुक्त

माई सिटी रिपोर्टर

नैनीताल। मंडलायुक्त दीपक रावत ने युवाओं का आह्वान किया कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं से जुड़ें और देश के जागरूक नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं।

आयुक्त रावत मंगलवार को यहां डीएसबी परिसर में नेहरू युवा केंद्र नैनीताल की ओर से आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव भारत कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खंडों से 500 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच उपलब्ध कराना था।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो. संजय पंत ने संयुक्त रूप से किया। सांसद प्रतिनिधि रावत ने युवाओं से समाज के उत्थान में बढ़चढ़ कर अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। दूसरे सत्र में विधायक सरिता आर्या ने नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यों की सराहना की। अंतिम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जिला पंचायत अध्यक्षा बेला तोलिया ने

नैनीताल स्थित डीएसबी परिसर में कार्यक्रम का शुभारंत करते आयुक्त दीपक रावत। संवाद

भी युवाओं को संबोधित किया। समापन सत्र में डीएसबी परिसर में पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी ने कहा कि मौजूदा समय में भारत विश्व का सबसे युवा देश है। यहां दुनिया में सर्वाधिक आबादी युवाओं की है। युवा किसी भी देश को उन्नति के मार्ग पर ले जा सकते हैं। जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने कार्यक्रम के बारे में बताया। संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। यहां विजय कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. ललित मोहन, अभिषेक मेहरा, ममता, बबिता, रूपा, पूजा, प्रकाश, अशोक, संजय, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

युवा उत्सव में 500 ने प्रतिभा दिखाई

नैनीताल, संवाददाता। नैनीताल में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र की ओर से जिला युवा उत्सव मनाया गया। जिसमें जिले के 500 से अधिक युवाओं ने चित्रकला, फोटोग्राफी, कविता लेखन, भाषण एवं सामूहिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। इन स्पर्धाओं से चयनित छात्र राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

नैनीताल में युवा उत्सव के अंतिम सत्र का शुभारंभ करतीं जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया।

कुमाऊं विवि के एएन सिंह हॉल में प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, निदेशक डीएसबी परिसर प्रो. संजय पंत ने किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी ने बताया कि युवा उत्सव भारत 2047 का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में विधायक सरिता आर्य मुख्य अतिथि रहीं। अंतिम सत्र में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया व आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत अतिथि रहे। उन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखते हुए कड़ी मेहनत के जरिए आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। यहां प्रो. ललित तिवारी, जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया, विजय कुमार, डॉ. दीपक कुमार रहे।

OPPO Reno 2F ©Dr. Vijay Kumar 2023.06.24 08:15

वार में भी अपने स्तर से सफाई अभियानों का दिशा निर्देशन करने की गुजारिश की है ताकि क्षेत्र का वातावरण साफ व स्वच्छ बना रह सके।

आधिकारी, बट्टू आर्या, कमल जोशी, रविन्द्र बिष्ट, हिमांशु पांडेय, कुंदन सिंह बिष्ट तथा दीपक टम्टा आदि लोग उपस्थित रहे।

युवा पश्चिमी संस्कृति व सभ्यता का करें परित्याग: बेला तोलिया

नैनीताल (आज समाचार सेवा)। जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा है कि युवाओं को देवभूमि उत्तराखंड की धरोहर तथा विरासत के बारे में पूरी जानकारी होनी बहुत

जागरूक युवा ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं

नेहरू युवा केंद्र नैनीताल का जिला उत्सव मनाया गया धूमधाम से

जरूरी है। कहा कि वर्तमान में पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति को अपनाया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर भारत देश के युवा पश्चिमी सभ्यता की ओर भी आकर्षित हो रहे है और हमारी सभ्यता व संस्कृति से दूर होते जा रहे है जो बेहद चिंता का विषय है इसलिए हमारे देश के युवाओं का यह कर्तव्य है कि वे देश की सभ्यता एवं संस्कृति को अपनाएं। दूसरी ओर कुमाऊं मण्डल के आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि युवाओं को देश का एक जागरूक नागरिक बनकर देश व समाज की सेवा करनी चाहिए। कहा कि वर्तमान मे केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा जो योजनाएं संचालित की जा रही हैं उनसे युवाओं को जुड़ना चाहिए। कहा कि जागरूक युवा ही देश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा सकते हैं। बता दें कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के ए.एन.सिंह सभागार में मंगलवार को नेहरू युवा केंद्र नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना कुमाऊं विश्वविद्यालय के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव: भारत इट द रेट 2047 के आयोजन में दोनों गणमान्य जन बतौर अतिथि के रुप में मौजूद थे, इस दौरान उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। आयोजन में नैनीताल जिले के विभिन्न विकास खंडों से 500 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करना था। युवा उत्सव के तहत पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं सामूहिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता का अयोजन हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ गोपाल सिंह रावत सांसद प्रतिनिधि, प्रतीक जोशी जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं प्रो संजय पंत प्रभारी निदेशक डी. एस. बी परिसर द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया गया। गोपाल सिंह रावत ने युवाओं को प्रोत्साहित किया और सांसद अजय भट्ट के कार्यक्रम के लिए आए संदेश युवाओं को सुनाया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में सरिता आर्या मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। सरिता आर्या ने नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा कराए जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए युवाओं को जागरूक किया। इससे पूर्व नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी श्रीमती डॉल्वी तेवतिया ने सभी अतिथियों समेत गणमान्य जनों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं को मंच प्रदान किया गया। देश की प्रगति के लिए यह अहम है की युवाओं को अपने विचार रखने के लिए एवं अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए मंच उन्होंने बताया कि अनेक प्रतियोगिताओं में चयनित हुए युवाओं को राज्य स्तर पर प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। जिसके बाद राज्य स्तर पर चयनित युवा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर सकेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के मुख्य समन्वयक डा. विजय कुमार समेत डॉ. दीपक कुमार एवं डॉ. ललित मोहन का पूरा सहयोग रहा। कार्यक्रम में अभिषेक मेहरा, ममता, बबिता, रूपा, पूजा, प्रकाश, अशोक, संजय, पुष्पा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन कुविवि के शोध व प्रसार निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने किया। अंत में नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा समन्वयक डॉल्वी तेवतिया ने सभी का आभार जताया।

Registrar
Kumaun University
NAINITAL.

समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल